# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ।

स्ववित्त पोषित संस्थानों में एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) पाठ्यक्रम में सत्र 2019–20
में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग का कार्यक्रम

| कम सं0 | दिनांक | वर्ग | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 05.08.2019 | समस्त वर्ग (category) के एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) प्रवेश परीक्षा सत्र 2019–20 में अर्ह सभी अभ्यर्थी | प्रातः 10.00 बजे |

समस्त अर्ह अभ्यर्थी उपरोक्त कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित **शिक्षा विभाग** में उपस्थित हों। समस्त अभ्यर्थी अपने साथ रू 600/– के बैक ड्राफ्ट (रू 600/– Non Refundable Counseling Fee जो वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नाम देय हो तथा अपने 5 नवीनतम् फोटोग्राफ, एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) प्रवेश परीक्षा 2019–20 का अंकपत्र, एम0फिल0 प्रवेश का प्रवेश पत्र, समस्त शैक्षिणिक अभिलेख, जाति प्रमाण –पत्र (कम्प्यूटराईज्ड अ0पि0व0 के लिये तीन वर्ष से पुराना ना हो) मूल निवास प्रमाण पत्र **(कम्प्यूटराईज्ड अ0पि0व0 के लिये तीन वर्ष से पुराना ना हो)** विकलांगता का प्रमाण–पत्र (जैसा कि ब्रोशर में अंकित है एवं जो आप पर लागू हो), तथा जाति प्रमाण–पत्र (एस0सी0/एस0टी0 वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये)। समस्त प्रमाण–पत्र मूल रूप में एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति का एक सैट लेकर निश्चित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों। विवाहित महिला अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण–पत्र, पिता के नाम के साथ ही मान्य होगा। कुलसचिव, चौ0 च0सि0वि0वि0 को सम्बोधित शपथ–पत्र रू0 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी कराकर जिसमें निम्न बातें अंकित हों। (सभी अभ्यर्थियों को साथ लेकर आना अनिवार्य है)।

1. शैक्षणिक काल के दौरान यदि कोई समय अन्तराल है, तो उसका कारण।
2. वर्तमान में कहीं भी सेवारत न होने का (सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान)।
3. वर्तमान में किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में सम्मिलित न होने (जैसे बी0टी0सी0, विशिष्ट बी0टी0सी0 आदि)।
4. वर्तमान में अन्य किसी भी शैक्षणिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् न होने/सत्र 2019–20 में अन्य डिग्री कोर्स न करने का।

विश्वविद्यालय द्वारा समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग में सम्मिलित होने हेतु डाक द्वारा बुलावा पत्र प्रेषित नही किया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.ccsuniversity.ac.in) से एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) प्रवेश परीक्षा 2019–20 के परिणाम देखकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों, जैसा कि उपरोक्त कार्यक्रम में दिया गया है। यदि आप सेवारत है, तो नियोक्त से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर काउन्सिलिंग के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि एवं समय पर काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित स्थान पर अनुपस्थित रहता है तो उसका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा योग्यता सूची में से उससे नीचे की वरीयता क्रम वाले अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा एवं भविष्य मे अभ्यर्थी का उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश सम्बन्धी कोई अधिकार मान्य नही होगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं अभ्यर्थी का ही होगा

काउन्सिलिंग के माध्यम से महाविद्यालय आवंटित होने के उपरान्त या महाविद्यालय में प्रवेश लेने के उपरान्त किसी भी दशा में कोई स्थानान्तरण नही किया जायेगा और न ही पुनः काउन्सिलिंग के द्वारा अन्य महाविद्यालय आवन्टित किया जायेगा। काउन्सिलिंग शुल्क रू0 600/– किसी भी दशा में वापिस नही होगा। अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष :– एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) काउन्सिलिंग सत्र 2019–20 में समस्त अर्ह अभ्यर्थियो को बुलाया गया है। काउन्सिलिंग में बुलाये गये अभ्यर्थियों को प्रवेश देना एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) संस्थानों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर होगा। मात्र काउन्सिलिंग में बुलाया जाना एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा) पाठ्यक्रम में प्रवेश की गारंटी नही है।

Jaiswal 22/7/19
**समन्वयक**
एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा)
प्रवेश सत्र 2019–20

**चैयरमेन**
एम0फिल0 (शारीरिक शिक्षा)
प्रवेश सत्र 2019–20